## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड रायला का समापन

**मंडला, देशबन्धु।** विशेष बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड रायला का समापन स्थानीय होटल में हुआ। इस अवसर पर डॉ संजय कुशराम अध्यक्ष जिला पंचायत, अखिलेश कछवाहा उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद,जयदत्त झा सांसद प्रतिनिधि, बलदीप सिंह मैनी जनरल सेकेट्री जे टी एम आर आई जबलपुर, लकी अरोरा अध्यक्ष रोटरी क्लब जबलपुर, संजय तिवारी सेकेटरी जस्टिस तन्खा मेमोरियल स्कूल,

गीता काल्पीवार अध्यक्ष रोटरी क्लब, प्रसन्न कुमार सराफ सेक्रेटरी रोटरी क्लब मंडला मंचासीन रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए डॉ संजय कुशराम ने कहा रोटरी द्वारा पीड़ित मानवता के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं उन्होंने पैरा ओलंपिक में अपनी योग्यता प्रदर्शित करने वाले तरुण व विशेष छात्रा द्रोपती कुशराम को विशेष रुप से सम्मानित किया। जयदत्त झा ने दिव्यांगों में विशेष प्रतिभा छुपी हुई होती है जिसे प्लेटफार्म प्रदान किया जाना आवश्यक है।बलदीप सिंह मैनी ने रोटरी क्लब मंडला की आत्मीयता और व आयोजन में किए गए समस्त व्यवस्थाओ को सराहा और भूरी भूरी प्रशंसा की।







इसके पूर्व में गत रात्रि को दिव्यांग बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दिव्यांग बच्चों के द्वारा नृत्य गायन की प्रस्तुति दी गई । गत रात्रि आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कमांडेंट विक्रांत सारंग पाणी विधायक निवास चेन सिंह वरकड़े पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले एवं नैनपुर से श्री खंडेलवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

दो दिवसीय रायला में दिव्यांग बच्चों के द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों के पुरस्कार आज वितरित किए गए। दो दिवसीय गतिविधियों में गायन रंगोली,मेहंदी,ड्रॉइंग, नृत्य गायन आदि प्रतियोगिताएं दिव्यांग जनों द्वारा आयोजित की गई। प्रात: कालीन सत्र में जुंबा डांस के माध्यम से दिव्यांग जनों ने व्यायाम के तरीके सीखे। बच्चों ने सहस्त्रधारा का भ्रमण किया। समस्त अतिथियों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जे टी एम आर आई जबलपुर एवं मंडला के शिक्षकों को मंच पर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने मंडला के आसपास के रमणीय स्थलों का भ्रमण किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर मुकेश जैन, राज कुमार जैन,डॉ विजेन्द्र चौरसिया, डॉ राजेश चोरसिया, राजेश अग्रवाल, शक्ति क्षेतीजा, आशीष सेठ, कपिल वर्मा, सुदीप चौरसिया, अमर अग्रवाल, राजा शुक्ला,पंकज मोदी, साधना दुबे, अनुराधा चौरसिया, स्वाति खोत, संजय तिवारी ने इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान किया। आभार सेकेटरी रोटरी क्लब मंडला प्रसन्न सराफने किया।

## अवैध कार्यों पर कब लगेगी रोक

**मंडला, देशबन्धु।** यूं तो मध्य प्रदेश के मंडला जिले में कई तरह के अवैध कार्य चल रहे हैं अवैध कार्यों को रोकने के लिए इस जिले में कोई परिणाम कार्य प्रयास नहीं किया जा रहे हैं सभी तरह के अवैध कार्यों की जानकारी शासन प्रशासन को है।

इसके बावजूद भी इन सब में लगाम लगा कर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है यही वजह है कि अवैध काम इस जिले में बंद नहीं हो रहे हैं काफी लंबे समय से देखा जा रहा है कि वाहनों में पुलिस या प्रेस लिखा रहता है इस बात की जांच नहीं की जा रही है कि जिन वाहनों में पुलिस प्रेस लिखा हुआ है।

उन वाहनों के मालिक पुलिस या प्रेस में है या नहीं नागरिकों का आरोप है कि अधिकांश लोग वाहनों में पुलिस प्रेस लिखकर इन नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं तत्काल इस संबंध में जांच पड़ताल की जाए विशेष अभियान चलाया जाए और अगर अधिकृत रूप से वाहनों में पुलिस प्रेस नहीं लिखा गया है और उसका दुरुपयोग किया जा रहा है तो उसके खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई करते हुए इस तरह के कार्यों पर लगाम लगाई जाए ऐसी जन अपेक्षा है।

### सार-समाचार

## जल जीवन मिशन के कार्यों का भौतिक सत्यापन करने से परहेज क्यों?

**मंडला, देशबन्धु।** शासन प्रशासन की घोर लापरवाही की वजह से मध्य प्रदेश के मंडला जिले में जल जीवन मिशन की योजना फर्जीवाड़ा की भेंट चढ़ गई है इस योजना के संबंध में चर्चा चल रही है कि इसमें जबरदस्त धांधली, मनमानी और लापरवाही की जा रही है इस आशय की खबर लगातार प्रकाशित की जा रही है इसके बावजूद भी शासन प्रशासन द्वारा जल जीवन मिशन के सभी कार्यों की जांच पड़ताल संपूर्ण मंडला जिले में नहीं की जा रही है संपूर्ण मंडला जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत भारी गड़बड़ी किए जाने की जन चर्चा जोरों पर चल रही है इस समय सबसे ज्यादा चर्चा मंडला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा की हो रही है बताया जा रहा है कि यहां पर प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन नहीं किया गया है और जल जीवन मिशन के सभी कार्य सही तरीके से पूरे नहीं किए गए हैं कार्यों में गुणवत्ता दिखाई नहीं दे रही है पाइप लाइन सही तरीके से नहीं बिछाए गए हैं टेस्टिंग में पानी की सप्लाई सभी क्षेत्रों में सही तरीके से नहीं हो रही है सीएम हेल्पलाइन में इस संबंध में ग्राम परसवाड़ा से शिकायत की गई है जिसका सही निराकरण नहीं किया जा रहा है शिकायत को मांग बताकर बंद किया जा रहा है और जानकारी भेजी जा रही है कि शिकायतकर्ता अतिरिक्त कनेक्शन मांग रहा है जबकि शिकायतकर्ता के घर में कनेक्शन किया ही नहीं गया है इसके अलावा और भी ऐसे घर है जिनमें कनेक्शन किया जाना चाहिए था लेकिन सभी के आधार कार्ड ले लिए गए एक रजिस्टर में हस्ताक्षर कर लिए गए और उसके बाद नल कनेक्शन नहीं किया जा रहा है सीएम हेल्पलाइन में गलत जवाब भेजने वाले अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए ग्राम परसवाड़ा में जल जीवन मिशन का काम करने वाले ठेकेदार के खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाई की जाए यहां कराए गए सभी कार्यों की जांच की जाए और जल जीवन मिशन अंतर्गत जो भी गड़बड़ी यहां की गई है इसकी बारीकी से जांच कर ठेकेदार द्वारा कराए गए सभी कार्यों का भौतिक सत्यापन तत्काल कराया जाए संपूर्ण मंडला जिले में जल जीवन मिशन के सभी कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाना अत्यंत जरूरी हो गया है जन अपेक्षा है सरकार शीघ्र ध्यान दें।

## परिवहन कर रहे वाहन का औचक निरीक्षण

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** संभागीय संयुक्त संचालक जबलपुर एच आर लारिया के निर्देशन पर प्रभारी सचिव कृषि उपज मंडी समिति बिछिया कन्हैया सिंह मरकाम के दिशा निर्देशन में स्थानीय उड़नदस्ता दल के कर्मचारी कन्हैया पटेल,आकाश ठाकुर और बृजकिशोर नामदेव के द्वारा रविवार को मेसर्स गोवर्धन दास सीताराम खंडेलवाल बम्हनी बंजर द्वारा अंजनिया से मंडला मार्ग में कृषि उपज धान लगभग 175 बोरे वजन 75 क्विंटल का परिवहन कर रहे वाहन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक- एमपी जेड 0 जी 0873 में परिवहन संबंधी अनुज्ञा पत्र नहीं पाया गया। फलस्वरुप व्यापारी द्वारा मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) का उल्लंघन किया जाना सुनिश्चित होने पर अधिनियम की धारा 19(4) के तहत कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्रवाई में व्यापारी प्रतिनिधि द्वारा अपना अपराध स्वीकार करते हुए समझौता हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर नियमानुसार पांच गुना दांडिक शुल्क 10350/-समझौता शुल्क 5000/- कुल 15350/- की वसूली कर शासन के खाते में जमा कराया गया तथा प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।विदित हो कि उपरोक्त कार्रवाई के दौरान वाहन के पकड़े जाने के पश्चात गोवर्धनदास सीताराम खंडेलवाल बम्हनी बंजर द्वारा अनुज्ञा पत्र जारी कर कर्मचारियों को गुमराह करते हुए शास्ति प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न किया गया परिणामस्वरूप उक्त फर्म के विरुद्ध वरिष्ठालय को लेख किया गया है।




## अम्बिकाबाई राजपूत का निधन

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** रविवार को लगभग शाम 4.30 बजे नेवसा (बिछिया) निवासी सुमेर सिंह राजपूत , भाजपा मंडल महामंत्री लेखन सिंह राजपूत, ) महेंद्र सिंह राजपूत की माताश्री अम्बिकाबाई का 85 बर्ष में निधन हो गया । जिनका अंतिम संस्कार सोमवार 18/11/2024 को - 11.00 बजे मोक्षधाम नेवसा (बिछिया) में किया जाएगा।

## क्या कभी पूरा होगा सीवर लाइन का कार्य

### दिनों दिन बढ़ रही परेशानी, बेहोशी में जवाबदार

**मंडला, देशबन्धु।** जिले में शासन प्रशासन और नेताओं की लापरवाही की वजह से कई तरह के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं शासन प्रशासन के उच्च अधिकारियों और समस्त जनप्रतिनिधियों की बेहोशी के कारण इस जिले में विकास की गंगा नहीं वह पा रही है बल्कि भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है लगभग सभी योजनाओं के हाल बहुत खराब है।

योजनाओं के क्रियान्वयन में घोर लापरवाही मनमानी और धांधली की जा रही है हकीकत की धरातल में योजनाओं का क्रियान्वयन आखिरकार इस जिले में में क्यों संभव नहीं हो पा रहा है यह जांच का विषय हो जाने के बावजूद भी शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है यही वजह है कि इस जिले में विकास की नहीं बल्कि भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है जब जिला मुख्यालय में ही विकास कार्यों की दुर्गति हो रही है तो फिर जिले के बाकी क्षेत्रों में विकास कार्यों की क्या स्थिति होगी अनुमान लगाया जा सकता है बात सीवर लाइन की हो रही है सभी को ज्ञात है कि मंडला नगर में काफी लंबे समय से सीवर लाइन का काम कराया जा रहा है सीवर लाइन के काम से शहर की सड़कों की हालत अत्यंत खस्ता हो गई है मरम्मत इत्यादि का काम भी सही तरीके से नहीं कराया गया है सड़क खोदने के बाद सही तरीके से सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई है शहर में जहां देखो वहां सीवर लाइन के काम अस्त-व्यस्त पड़े हुए हैं जहां देखो वहां ही गड्ढा दिखाई दे रहा है।

इस संबंध की खबर प्रकाशित होने के बाद भी किसी के कानों में सुनाई तक नहीं दे रहा है बहरे गूंगे अंधे प्रशासन और नेताओं की वजह से सीवर लाइन का काम काफी लंबे से मंडला नगर में लटका हुआ है इस काम में जो भी गड़बड़ी की जा रही है उसकी कोई जांच पड़ताल नहीं की जा रही है काम भी सही तरीके से करने के लिए शासन प्रशासन और नेताओं द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है नगर के शहीद उदय चंद्र वार्ड के आसपास स्थित माता महाकाली मंदिर के सामने सीवर लाइन की खुदाई की गई है जिसकी वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सीवर लाइन का काम तेजी के साथ पूरा करने के लिए संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है शासन प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि तमाशा देख रहे हैं सीवर लाइन का काम जिस उद्देश्य को लेकर मंडला नगर में किया जा रहा है उस उद्देश्य की पूर्ति आखिर कब होगी यह कहा नहीं जा सकता है।

फिलहाल जो काम चल रहा है वह मंडला नगर के नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है सीवर लाइन शहर के नागरिकों के लिए सर दर्द बन गया है पूरे शहर की सड़कों को तहस-नहस कर दिया गया है खराब सड़कों की वजह से नागरिक हलकान हो रहे हैं और शासन प्रशासन के अधिकारी हाथ पर हाथ रखे हुए बैठे हुए हैं नए सड़कों का निर्माण करना अत्यंत जरूरी हो गया है मंडला नगर में पुन: सड़कों का निर्माण कार्य सीवर लाइन का काम शीघ्र पूर्ण करा कर कराया जाना अत्यंत जरूरी हो गया है सीवर लाइन ने शहर की सूरत बिगाड़ दी है सीवर लाइन के काम में आखिरकार लापरवाही क्यों की जा रही है यह जांच का विषय हो जाने के बावजूद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

यूं तो मंडला नगर में तमाम तरह की समस्याएं हैं सड़कों की हालत सभी को पता है कि सड़क सीवर लाइन के कारण खस्ता हाल हो गई है इस शहर में गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो गया है पार्कों उद्यानों की हालत खस्ता हो गई है नर्मदा किनारे का विकास नहीं किया जा रहा है पार्किंग की समस्या बनी हुई है खेल मैदान की हालत खस्ता हो गई है छोटे बड़े सभी खेल मैदान को व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है रोड डिवाइडरों की हालत खराब हो गई है नगर के प्रतिमा स्थलों को भी व्यवस्थित तरीके से रखने के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है इसके अलावा तमाम तरह की समस्या है लेकिन सबसे बड़ी समस्या सीवर लाइन की ही है जिसे दूर करने की मांग शासन प्रशासन से मंडला नगर के नागरिकों ने की है जन अपेक्षा है मंडला नगर में सीवर लाइन सहित सभी तरह की समस्याओं का निराकरण किया जाए

### आम आदमी हलकान सिर्फसमस्याओं से परेशान

## भजन पूजन में ज्यादा व्यस्त शासन प्रशासन

**मंडला, देशबन्धु।** इस समय देखा जा रहा है कि मध्य प्रदेश के मंडला जिले में शासन प्रशासन द्वारा पूजा पाठ का कार्यक्रम ज्यादा किया जा रहा है धार्मिक कार्यक्रमों में शासन प्रशासन की भागीदारी ज्यादा दिखाई दे रही है लोगों का कहना है कि यह सब कुछ जरूर करना चाहिए लेकिन जनहित के कामों को विशेष प्राथमिकता देना चाहिए जो नहीं दिया जा रहा है।

पूजा पाठ में लोगों को लगाकर जनहित के कामों पर विशेष ध्यान नहीं देना उचित नहीं माना जा रहा है मध्य प्रदेश के मंडला जिले में सभी को ज्ञात है कि तमाम तरह की समस्याएं मौजूद हैं सड़कों की हालत खस्ता हो गई है सभी मार्ग दम तोड़ चुके हैं मार्गो का पुन: निर्माण या मरम्मत इत्यादि का कार्य नहीं कराया जा रहा है सभी सरकारी भवनों की हालत खराब हो गई है मरम्मत रंग रोगन का कार्य नहीं कराया जा रहा है स्वच्छ भारत मिशन की हवा निकल गई है फर्जी तरीके से मंडला जिले को ओडीएफ घोषित कर दिया गया है लेकिन अभी तक खुले में शौच से मुक्ति इस जिले को नहीं मिल पाई है इस जिले में गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो गया है।

स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक समन्वयक और स्वच्छता ग्राही कोई खास काम नहीं कर रहे हैं नर्मदा किनारे विकास कार्यों को गति प्रदान नहीं की जा रही है मां नर्मदा के जल को प्रदूषण से बचने के लिए सही प्रयास नहीं किया जा रहे हैं मंडला जिले के सभी पार्कों उद्यानों की हालत खस्ता हो गई है जल जीवन मिशन में सिर्फ भ्रष्टाचार किया जा रहा है काम तेजी के साथ पूरे नहीं किया जा रहे हैं मध्यान भोजन की राशि एवं राशन सहायता समूह को प्रत्येक महीने समय पर प्रदान नहीं की जा रही है शासकीय कर्मचारियों अधिकारियों का अप डाउन बंद नहीं किया जा रहा है ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य केदो को उपयोगी नहीं बनाया जा रहा है।

शिक्षा स्वास्थ्य कृषि यातायात उद्यान की वानिकी रोजगार सड़क पर्यटन उद्योग के बेहद बुरी हाल हैं बेरोजगारी गंदगी बीमारी निरक्षरता भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गई है इन्हें जड़ मूल से समाप्त करने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है साक्षरता के सभी कार्यक्रम कागज में संचालित हो रहे हैं उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सिर्फ कागज में संचालित किया जा रहे हैं स्वयंसेवी संस्थान एनजीओ के कामों की जांच नहीं की जा रही है।

## भारी गड़बड़ी की शिकार प्रधानमंत्री आवास योजना

### ध्यान नहीं दे रही केंद्र व राज्य सरकार, धांधली कर रहा संबंधित सरकारी तंत्र

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भारी गड़बड़ी की जा रही है जो पात्र नहीं है उनको यहां पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है सूची में नाम ऊपर नीचे किया जा रहा है नए नाम सूची में नहीं जोड़े जा रहे हैं।

पुराने नाम सूची से काटे गए हैं व आवास योजना के निर्माण भी पूरे नहीं हो पा रहे हैं मध्य प्रदेश के मंडला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भारी गड़बड़ी की गई है व लगातार गड़बड़ी की जा रही है।

इस संबंध में कलेक्टर मंडला को पूर्व में शिकायत की गई थी जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदन पत्र ग्राम वासियों द्वारा दिए गए थे जिसकी जांच जरूर की गई लेकिन जांच को दफ्न कर दिया गया है जांच में शिकायत सही पाई गई थी इसके बावजूद सभी दोषियों के खिलाफ अभी तक कोई दंडात्मक कार्यवाही नहीं हो पाई है ब्लॉक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना गणेश साहू के खिलाफ अभी तक कोई दंडात्मक कार्यवाही नहीं होना संरक्षण देने जैसे लायक लग रहा है।

इसे शासन प्रशासन द्वारा पूरा संरक्षण प्रदान किया जा रहा है और गणेश साहू लगातार जनपद पंचायत नैनपुर की ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मनमानी धांधली और लापरवाही कर रहा है ग्राम पंचायत परसवाड़ा में रोजगार सहायक और सचिन की मनमानी भी इस संबंध में चरम सीमा पर पहुंच गई है।

इन सब की मिली भगत से यहां पर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गड़बड़ी की जा रही है कलेक्टर की जांच के आदेश के बाद जांच को परिणाम में नहीं बदला जा रहा है गणेश साहू को अभी तक हटाया नहीं गया है और न इसके खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है नागरिकों की मांग है कि गणेश साहू के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए इसकी सेवा समाप्त की जाए और प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत सभी आवास का पुन: भौतिक सत्यापन कराया जाए कि आखिरकार आवास स्वीकृत करने में नियम कानून का पालन किया गया है या नहीं?

## भाजपा के शासनकाल में महिलाओं पर अत्याचार

**मंडला, देशबन्धु।** भाजपा के शासनकाल में मध्य प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं और यह अत्याचार शासन प्रशासन की संरक्षण में किए जा रहे हैं इसके बावजूद भी भाजपा मुख्य दर्शक बनकर तमाशा देख रही है।

भाजपा के शासनकाल में मध्य प्रदेश के मंडला जिले में भाजपा की कार्यकर्ता ग्राम परसवाड़ा तहसील नैनपुर जिला मंडला मध्य प्रदेश की निवासी अनीता यादव के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं अनीता यादव द्वारा ग्राम पाठ। सिहोरा में जनरल स्टोर शासकीय भूमि में संचालित किया जा रहा है इनके द्वारा इस स्थान में मकान का निर्माण ग्राम वासियों की सहमति से किया जा रहा था ग्राम वासियों ने ही इसी भूमि में जनरल स्टोर संचालित करने के लिए सहमति प्रदान की थी इसके बाद भी मंडला के कपिल कछवाहा और उनके चार साथी गुंडो ने आकर पक्का मकान तोड़ दिया था इस संबंध में पुलिस प्रशासन को कई माध्यम से शिकायत की गई।

जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर को कई बार आवेदन पत्र दिए गए पुलिस 100 नंबर को भी शिकायत की गई इसके बाद भी कोई सही कार्यवाही नहीं होने की वजह से पीड़ित महिला विगत 1 साल से न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रही है पीड़ित महिला अनीता यादव भाजपा की कार्यकर्ता है और इनका पूरा परिवार भाजपा के लिए समर्पित होकर काम करता है इसके बावजूद भी भाजपा के ही शासन काल में इन्हें न्याय नहीं मिलना आश्चर्जनक लग रहा है बताया जा रहा है कि पीड़ित महिला अनीता यादव ने भाजपा के अनेक पदाधिकारी को भी इस संबंध में अवगत कराया है इसके बावजूद भी यह सभी न्याय दिलाने में लेट लतीफी क्यों कर रहे हैं यह जन चर्चा का विषय बना हुआ है ग्राम से लेकर जनपद जिला स्तर तक के भाजपा पदाधिकारी को उनके द्वारा कई माध्यम से सूचित किया गया है कि न्याय नहीं मिल रहा है इसके बावजूद भी शासन प्रशासन के माध्यम से न्याय दिलाने में उनके द्वारा विलंब किया जा रहा है।

कपिल कछवाहा दावा कर रहा है कि अनीता यादव उसकी स्वयं की निजी भूमि पर काबिज है जबकि सरकारी रिकॉर्ड ड्रोन कैमरा के सर्वे और किसान ऐप में वह भूमि शासकीय दिखाई दे रही है पटवारी और राजस्व निरीक्षक पैसों के प्रभाव में आकर फर्जी प्रतिवेदन बना रहे हैं और कपिल कि ही भूमि में कब्जा होना बता रहे हैं इस बात से पीड़ित महिला नाराज है और गांव वाले भी शासन प्रशासन और भाजपा की उदासीनता की वजह से नाराज होते जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि राजस्व कार्यालय नैनपुर में 1 साल से इस मामले को उलझा कर रखा गया है और अनावश्यक रूप से महिला को एक महीने में चार-चार बार पेशी कराकर परेशान कराया गया है।

बताया यह भी जा रहा है कि अब फैसला होना बाकी रह गया है जिसका इंतजार सभी लोग कर रहे हैं यदि फैसला पीड़ित महिला के पक्ष में नहीं आता है तो पीड़ित महिला मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन गृहमंत्री पुलिस प्रशासन के राज्य स्तरीय अधिकारी मानव अधिकार आयोग महिला आयोग सहित अन्य जगह में उच्च स्तरीय शिकायत करेगी ऐसी संभावना जताई जा रही है जन अपेक्षा है पीड़ित महिला को तत्काल न्याय दिया जाए और भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर इस तरह का अत्याचार न किया जाए जिसकी वजह से लोगों को परेशान होना पड़े।

## किसानों को नहीं मिल रही सम्मान निधि

**मंडला, देशबन्धु।** राजस्व विभाग मध्य प्रदेश के मंडला जिले में मनमानी लापरवाही करने पर उतारू हो गया है शासन प्रशासन द्वारा इस विभाग पर लगाम नहीं लगाई जा रही है यही वजह है कि यह विभाग सिर्फ मनमानी ही मनमानी कर रहा है राजस्व कार्यालय में ढेर सारी प्रकरणों का अंब ार लगा हुआ है सही निराकरण प्रकरणों की नहीं की जा रही है पैसों की प्रभाव में आकर राजस्व कार्यालय में गड़बड़ी की जा रही है मंडला जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं का अंबार लगा हुआ है राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण करने में शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है पटवारी और राजस्व निरीक्षक मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं जैसे-तैसे अप डाउन करके अपनी सेवाएं दे रहे हैं जरूरतमंदों को पटवारी और राजस्व निरीक्षक आसानी से नहीं मिल रहे हैं और न ही इनका काम आसानी से हो पा रहा है सबसे ज्यादा गड़बड़ी की जानकारी मंडला जिले की तहसील नैनपुर के राजस्व कार्यालय की मिल रही है यहां पर समस्याओं की लंबी सूची लगी हुई है समस्याओं का निराकरण यहां पर नहीं हो रहा है पीड़ितों को परेशान किया जा रहा है प्रकरणों की सही निराकरण यहां पर नहीं की जा रही है सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायतों का निराकरण यहां पर नहीं किया जा रहा है मंडला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा के एक शिकायतकर्ता ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की है।